सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-187
14/04/2017

बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री ने भावभिनी श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 14 अप्रैल 2017 :– आज बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर स्थानीय हाई कोर्ट के समीप आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल श्री रामनाथ कोविंद एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभिनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर विधायक श्री श्याम रजक, बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष श्री उदय नारायण चौधरी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी बाबा साहब भीमराव अम्बेदकर की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन एवं भजन तथा देशभक्ति गीतों के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

****